Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding allotment of Housing to 11 Lakh poor families in Chhattisgarh.

श्री अरुण साव (बिलासपुर): सभापति महोदय, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने गरीबों के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के रूप में एक बड़ी योजना बनाई है, ताकि गरीबों को पक्का मकान मिल सके ।

परंतु आज छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में यह नारा गूंज रहा है कि 'मोर आवास मोर अधिकार रोक के रखे है कांग्रेस सरकार ।'राज्य की कांग्रेस सरकार ने 11 लाख गरीब परिवारों का प्रधानमंत्री आवास रोक रखा है । राज्यांश न देकर उन्हें प्रधानमंत्री आवास से वंचित कर उनके सपनों को साकार करने से रोका है । ऐसे गरीब आज गांव-गांव में नारे लगा रहे हैं कि 'मोर आवास मोर अधिकार रोक के रखे है कांग्रेस सरकार ।'यह गरीबों के साथ अन्याय है, यह गरीबों के साथ अत्याचार है ।

मैं आपके माध्यम से राज्य सरकार से मांग करता हूं कि वह गरीबों के साथ अन्याय बंद करे । 11 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराकर उनके सपनों को साकार करने का काम करे । बहुत-बहुत धन्यवाद ।